भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 6343
गुरुवार, 2 अप्रैल, 2026/12 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिम एशियाई देशों में फंसे भारतीयों के लिए उड़ानें

6343. श्री चरनजीत सिंह चन्नीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि मौजूदा क्षेत्रीय संघर्ष के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के रद्द होने के कारण फरवरी 2026 से बड़ी संख्या में पंजाब के निवासी पश्चिम एशियाई देशों में फंसे हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो आज की स्थिति के अनुसार खाड़ी क्षेत्रों में कितने भारतीय नागरिकों के, विशेषकर पंजाब से फंसे होने की सूचना मिली है;

(ग) क्या सरकार का भारतीय विमान कंपनियों को अमृतसर और चंडीगढ़ विमानपत्तनों से अतिरिक्त विशेष उड़ानें संचालित करने का निदेश देने का विचार है ताकि ऐसे फंसे हुए यात्रियों की वापसी को सुगम बनाया जा सके; और

(घ) यदि हां, तो ऐसी उड़ानों की प्रस्तावित समय-सारणी का ब्यौरा क्या है और मार्च, 2026 के दौरान कितने यात्रियों को समायोजित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): मौजूदा क्षेत्रीय संघर्ष की शुरुआत से, दिनांक 29.03.2026 तक भारतीय और विदेशी वाहकों द्वारा पश्चिम एशियाई देशों से कुल 2,768 अनुसूचित उड़ानें परिचालित की गई हैं, जिनमें भारत के विभिन्न हवाईअड्डों तक 5,59,952 यात्रियों पहुंचाया गया है। एयरलाइनें मांग और परिचालन व्यवहार्यता के अनुरूप सेवाएं बढ़ा रही हैं और वर्तमान में अतिरिक्त विशेष उड़ानों के परिचालन का कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

******